भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2701

मंगलवार, दिनांक 11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

बिहार में फ्लोटिंग सोलर पावर प्रांट

2701 डॉ. भीम सिंह:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ़्त बिजली योजना के अंतर्गत बिहार में अब तक प्राप्त और स्वीकृत आवेदनों की संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) बिहार में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांटों और ग्रिड-कनेक्टेड रूफटॉप सौर प्रणाली की वर्तमान स्थापित क्षमता कितनी है; और

(ग) राज्य में कृषि पंपों को सौर ऊर्जा से जोड़ने के लिए 'पीएम-कुसुम योजना' के क्रियान्वयन की प्रगति क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी: एमबीवाई) के तहत, जो कि एक मांग-संचालित योजना है, फरवरी 2024 में इसके शुभारंभ के बाद से दिनांक 05.08.2026 की स्थिति के अनुसार, बिहार राज्य में कुल 95,121 आवेदन प्राप्त हुए हैं और 25,241 ग्रिड-कनेक्टेड रूफटॉप सोलर (आरटीएस) सिस्टम लगाए गए हैं, जिससे 25,883 परिवारों को लाभ हुआ है।

(ख) बिहार राज्य में, दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट की स्थापित क्षमता 2.13 मेगावाट और ग्रिड-कनेक्टेड रूफटॉप सोलर सिस्टम की क्षमता 218 मेगावाट है।

(ग) बिहार राज्य से प्राप्त मांग के आधार पर, राज्य में PM KUSUM योजना के घटक-ग (फीडर लेवल सोलराइजेशन) के अंतर्गत सोलराइजेशन हेतु कुल 1,40,300 पंप आवंटित किए गए हैं। इसकी तुलना में दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार, कुल 4570 पंपों को सोलराइज किए जाने की सूचना है।

*****